## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 26.12.2024 को विकास भवन सभागार में आयोजित प्रगति समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक– 3092 / JJM- / 278 दिनांक 31-12-2024

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन(हर घर जल) कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद में सतही श्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना (पैकेज–1 व 2) के कराये जा रहे कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 26.12.2024 को विकास भवन सभागार में आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री मोहन लाल गुप्ता, अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
2. इं0 राजेश कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
3. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. श्री देवेन्द्र सिंह, जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0।
5. श्री पदमानुज, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड।
6. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।
7. श्री जैव नाईक, प्रतिनिधि, मै0 एल0एण्डटी0 लिमिटेड।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के 09 विकास खण्ड अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों को शुद्ध पेयजल से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिये राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित फर्मों नामतः मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड द्वारा क्रमशः पैकेज–1 एवं पैकेज–2 के कार्य प्रगति पर है।

**(1.) पैकेज–01 :–**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–1 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गत जल शोधन सयंत्र (WTP) 456 MLD जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | प्राप्ति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Clear Water Rising Main Pipeline Laying & Jointing (46 Km./ 157.53 Km.) | 80% | 29% | 51% |
| 2 | MIBPS-02 CWR & PH 2900 KL | 85% | 52% | 33% |
| 3 | MIBPS-01 CWR & PH 12700 KL | 80% | 38% | 42% |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | Clear Water Reservoir | 58% | 34% | 24% |
| 5 | Filter Beds with Back Wash Tank on Top | 48% | 10% | 38% |
| 6 | Clari-flocculator | 60% | 19% | 41% |
| 7 | Cascade Aerator & Inlet Works | 42% | 9% | 33% |
| 8 | Raw Water Reservoir cum PH | 43% | 3% | 40% |
| 9 | Valve Chamber at RWR | 95% | 86% | 9% |
| 10 | Off-take Chamber & Connecting Channel | 70% | 58% | 15% |
| | **Overall Progress** | **66%** | **34%** | **32%** |

उक्त निर्धारित बार चार्ट के अनुसार 66 प्रतिशत के सापेक्ष मात्र 34 प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गयी है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये। फर्म द्वारा वर्तमान तक 39 कि0मी0 डी0आई0 पाइप लाइन के सापेक्ष 27 कि0मी0 पाइप लाइन, 118 कि0मी0 एम0एस0 पाइप लाइन के सापेक्ष 18 कि0मी0 पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि फसल प्रतिकर दर निर्धारण न होने के कारण डी0आई0 एवं एम0एस0 पाइप लाइन बिछाये जाने की प्रगति में कमी आ रही है। निर्देशित किया गया कि कार्य स्थल पर उपलब्ध श्रमिको का लेबर रजिस्ट्रेशन एवं बीमा कराया जाये, कार्य स्थल पर श्रमिको हेतु शौचालय की व्यवस्था की जाये। साथ ही प्रत्येक बैठक में निर्देशित करने के बाद भी फर्म द्वारा मैन पावर में वृद्धि नहीं की जा रही है यह अत्यन्त खेदजनक है। अपर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 26.12.2024 को एम0आई0बी0पी0एस0–1 पर 49 नग मैनपावर थी जबकि कार्य स्थल पर 55–56 मैनपावर उपलब्ध होनी चाहिए, इसी प्रकार एम0आई0बी0पी0एस0–2 पर मात्र 25 नग मैनपावर थी जहां कम से कम 45 मैन पावर उपलब्ध होनी चाहिए थी, WTP पर 457 नग मैन पावर के सापेक्ष 315 नग मैन पावर कार्यरत है। जिस पर फर्म प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि प्रारम्भ में वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट (WTP) की भूमि विवादित होने के कारण तत्सम्बन्धित कार्य देरी से प्रारम्भ हो सके। परियोजना प्रबन्धक बैठक में अनुपस्थित थे, निर्देशित किया गया कि परियोजना प्रबन्धक द्वारा समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया जाये।

(2.) पैकेज–02 :–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन(फेज–4) कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना के पैकेज–2 के अधीन निर्माणाधीन कार्यों के विषय में जानकारी चाही गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | प्राप्ति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Distribution Network (2363 Km./5424.70 Km.) | 83% | 43% | 40% |
| 2 | Clear Water Rising Main (226 Km./1332.73 Km.) | 82% | 18% | 64% |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | IBPS - 7 (1050KL) - CWR & PH | 90% | 60% | 30% |
| 4 | IBPS - 159 (700KL) - CWR & PH | 90% | 60% | 30% |
| 5 | IBPS - 160 (600KL) - CWR & PH | 90% | 52% | 38% |
| 6 | IBPS - 162 (600KL) - CWR & PH | 90% | 70% | 20% |
| 7 | IBPS - 166 (650KL) - CWR & PH | 90% | 50% | 40% |
| 8 | IBPS - 167 (950KL) - CWR & PH | 90% | 55% | 35% |
| 9 | IBPS - 168 (1250KL) - CWR & PH | 90% | 60% | 30% |
| 10 | IBPS - 170 (1250KL) - CWR & PH | 90% | 55% | 35% |
| 11 | Boundary wall for OHT & IBPS | 90% | 37% | 53% |
| 12 | Staff Quarters at IBPS | 85% | 68% | 17% |
| 13 | Over Head Tank (172 Nos. WIP/249 Nos.) | 80% | 22% | 58% |
| | **Overall Progress** | **88%** | **50%** | **38%** |

उक्त निर्धारित बार चार्ट के अनुसार 88 प्रतिशत के सापेक्ष मात्र 50 प्रतिशत ही प्रगति प्राप्त की गयी है, जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये। अपर जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि ग्राम हिरनगांव एवं गढ़ी श्रीराम में पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु काटी गयी सड़कों का मरम्मत/रिस्टोरेसन का कार्य नहीं कराया गया है, फर्म द्वारा जो भी पाइप लाइन बिछायी जा रही है उन सड़कों का मरम्मत/रिस्टोरेसन नहीं किया जा रहा है। जहां भी सड़क मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य कराया जा रहा है वहां उचित प्रकार से भराव एवं समतलीकरण न होने के कारण गढ्ढे हो जा रहे है, उक्त से स्पष्ट है कि फर्म द्वारा तकनीकी विशेषज्ञता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है फलस्वरूप स्थानीय निवासी आवागमन के दौरान चोटिल हो रहे है। पाया गया है कि कार्य स्थलों पर फर्म द्वारा प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही कार्य स्थल पर First Aid Kit उपलब्ध है। ग्राम हिरनगांव में निर्माणाधीन OHT की PCC पर Proper Curing का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिस पर नियमित Curing करने के निर्देश दिये गये है। फर्म द्वारा कृषकों की भूमि से होकर बिछायी जाने वाली पेयजल पाइप लाइन को Revenue Map पर संरेखण का कार्य करते हुये वर्तमान तक प्रस्तुत नहीं किये गये है जिस कारण अग्रिम कार्यवाही में विलम्ब हो रहा है। फर्म द्वारा आश्वस्त किया गया कि ग्राम हिरनगांव एवं गढ़ी श्रीराम में सड़क मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य 10 जनवरी, 2025 तक पूर्ण करा दिया जायेगा। फर्म को निर्देशित किया गया कि समस्त स्थलों पर मानकानुसार कार्य कराते हुये कार्य समय से पूर्ण किया जाये, सड़क मरम्मत/पुर्नस्थापना का कार्य उचिव भराव एवं समतलीकरण के साथ पूर्ण कराया जाये। कार्यो को पूर्ण कराने का वर्क प्लान प्रस्तुत करें। परियोजना प्रबन्धक बैठक में अनुपस्थित थे, निर्देशित किया गया कि परियोजना प्रबन्धक द्वारा समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया जाये।

(3.) <u>डी0पी0एम0यू0</u> :–

डी0पी0एम0यू0 की तरफ से कोई कार्मिक उपलब्ध नहीं था, जिस पर कढ़ी नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि आगामी समीक्षा बैठकों में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

Scanned with OKEN Scanner

(4.) टी0पी0आई0 :–

जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 अन्तर्गत निर्गत की गयी 79 नग NC's में से 57 नग NC's का निराकरण किया गया है। इसी प्रकार पैकेज–2 अन्तर्गत निर्गत की गयी 172 नग NC's में से 72 नग NC's का निराकरण किया गया है, तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवशेष NC's का यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु फर्मों को निर्देशित किया गया। टी0पी0आई0 को निर्देश दिये गये कि NC's का विवरण Month Wise तैयार कर उपलब्ध करायें। साथ ही योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

(5.) निष्कर्ष :–

दोनों फर्मो को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त कमियों में सुधार कराना सुनिश्चित करें एवं Proper वर्क प्लान तैयार कर मैनपावर बढ़ाते हुये कार्यों को तीव्रगति से गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराये। साथ ही टी0पी0आई0 द्वारा जारी NC's का निस्तारण समयान्तर्गत कराना सुनिश्चित करें।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

30/12/24

(शत्रोहन वैश्य)
मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, फिरोजाबाद।
2. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
4. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
6. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
7. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।

30/12/24

मुख्य विकास अधिकारी,
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner